गुंडागर्दी का अर्थ क्या है?



रैगिंग

गुंडागर्दी का अर्थ क्या है?
गुंडागर्दी का अर्थ है दूसरे बच्चों पर धौंस जमाना – जैसे जानबूझ कर चिढ़ाना, तंग करना, अपमानित करना, अकेले छोड़ देना या धमकी देना।

दूसरों का मजाक उड़ाना।

असुरक्षित स्पर्श

तुम गुंडागर्दी कैसे करते हो?
ऐसा दिखावा करना कि तुम बहुत ही सख्त हो और कोई भी तुम्हारे साथ गड़बड़ करने की हिम्मत ही नहीं कर सकता। तुम्हें लगता है मानो ऐसा करने से लोग तुम्हें पसंद करने लगेंगे और दोस्ती का हाथ बढ़ाएंगे। अपनी कमज़ोरी, भय, दुख और ईर्ष्या को छिपाने के लिए तुम ऐसे पेश आते हो कि दूसरों को 'छोटा' महसूस हो।

जो बच्चे गुंडागर्दी के शिकार होते हैं,
वे प्रायः उदासी, दुःख, गुस्सा, शर्मिंदगी, बैचेनी, अकेलेपन, चिंता और दुविधा का अनुभव करते हैं।



दूसरों के गलत नाम रखना या बुरी टिप्पणीयाँ कहना।

दूसरों की वस्तुएँ लेना या उनको नष्ट करना।

साइबर बदमाशी – आपत्तिजनक ँडै एवं डडै भेजना।

* भारतीय कानन के अनसार ऊपर उल्लेखित कार्यों को दण्डनीय अपराध माना गया है।

यदि तुम वाकई में बदमाश हो

* किसी ऐसे व्यक्ति से बात करो जो उन भावनाओं को समझने और सुलझाने में तुम्हारी मदद करे जिनकी वजह से तुम इस तरह का व्यवहार कर रहे हो।

* सोचो, तुम्हें कैसा लगेगा जब कोई तुम्हारे साथ इसी प्रकार का व्यवहार करेगा। दूसरों के साथ हमेशा वैसा ही व्यवहार करो जैसा तुम अपने लिए चाहते हो।

* याद रखो – बदमाश लोगों के सच्चे मित्र नहीं होते, केवल दूसरे बदमाश ही होते हैं।

यदि तुम्हें धमकाया जा रहा है

* परेशान मत होना।अपना आत्मविश्वास दिखाओ या फिर बेपरवाही से पेश आओ। उन्हें तुमसे जिस व्यवहार की उम्मीद थी, उससे अलग व्यवहार करके उन्हें अचरज में डाल दो।

* किसी भी समस्या के समाधान के लिए हिंसा का सहारा कभी मत लो।



* किसी बड़े व्यक्ति या विश्वस्त व्यक्ति से बात करके उन्हें बता दो कि तुम्हें किस बात से परेशानी हो रही है।

Tulir
New No.74, Old No.57 E.V.K.Sampath Road, Vepery,
Chennai 600 007, India Tel : +91 44 26618026
E-mail : tulircphcsa@yahoo.co.in | www.tulir.org

©Tulir-CPHCSA